भारतीय राजदूतावास

पेयज़िंग

***

प्रवासी भारतीय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह

जनवरी 9, 2018

राजदूत श्री गौतम बंबावाले का सम्बोधन

मैं आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूँ ।

आज का यह प्रवासी भारतीय दिवस हम महात्मा गाँधी के दक्षिण अफ्रिका से भारत वापिस लौटने और अपने आप को देश सेवा के लिए समर्पित करने के १०३ वर्ष पूरे होने की खुशी में मना रहे हैं।

आज का यह दिन हम प्रवासी भारतीय और भारतीय मूल के लोगो द्वारा देश की प्रगति में दिए गए योगदान के दिवस के रूप में भी मनाते हैं।

आज तीन करोड़ से भी अधिक भारतीय विदेशों में रह रहे हैं। उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और क़ानून पालन की प्रवर्ती के कारण उनको विदेशों में प्रवासी समुदायों में एक आदर्श के रूप में जाना जाता है.

प्रवासी भारतीयों में सफल राजनीतिज्ञ, उद्योगपति, वैज्ञानिक, पत्रकार और विचारक शामिल हैं। विदेशों में प्रवासी भारतीयों ने भारतीय संस्कृति, लोकाचार और मूल्यों को प्रसारित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है.

हम दुनिया के किसी भी कोने में क्यों ना रहें, हमारे अभिन्न सांस्कृतिक बंधन हमें जोड़ कर रखते हैं.

आज के समय में प्रवासी भारतीय एक नये उत्साह के साथ भारत की आर्थिक और सामाजिक प्रगती के लिए उत्परेरित हैं और इस संबंध में उनकी आर्थिक सहायता और विचारों ने हमारे देश को नया रूप देने में मदद की है.

भारत सरकार विदेशों में बसे भारतीय मूल के नागरिकों को महत्वपूर्ण प्राथमिकता देती है।

आजकल सामाजिक संचार माध्यम भारत सरकार और प्रवासी भारतीयों के बीच संवाद का महत्वपूर्ण साधन बन गये हैं।

हमारी विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने स्वयं इसको बहुत बढ़ावा दिया है. विदेशों में बसे भारतीयों को सहयता प्रदान करने के लिए हमने प्रशासनिक व्यवस्था को मज़बूत बनाया है। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रवासी भारतीयों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने के लिए तत्परता, संवेदनशीलता और शीघ्रता पर अत्यंत ज़ोर दिया है।

इन तीस सालों में चीन में बसे भारतीय लोगो की संख्या नगण्य से आज पचास हज़ार से भी अधिक पहुँच चुकी है. आप लोगों में पेशेवर, व्यवसायी और बड़ी संख्या में छात्र हैं. आप एक जुट हुए समुदाय हैं और आपके साथ बातचीत से आप लोगो की समस्यों को समझने और उनको सुलझाने में हमें अत्यंत सहायता मिलती है।

आप लोगों ने भारत- चीन संबंधों को आगे बढ़ाने और मजबूत करने में इस दूतावास को अमूल्य सहयोग दिया है। इस योगदान के लिए में आपका हार्दिक अभिनंदन करता हूँ।

इन शब्दों के साथ मैं प्रवासी भारतीय दिवस के इस अवसर पर आप सभी को बधाई देता हूँ और आपका स्वागत करता हूँ.

धन्यवाद।

*****